वर्ष 1 - अंक 36
गुरुवार 2 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

# पटवारी की रिश्वतखोरी

## नामांतरण में भ्रष्टाचार और मध्य प्रदेश सरकार के कानून

रणजीत टाइम्स (गोपाल गावंडे)



**जमीन खरीदने के बाद नामांतरण (म्यूटेशन) की प्रक्रिया में पटवारियों द्वारा रिश्वत की मांग और जानबूझकर देरी करना आम समस्या बन चुका है। इसे रोकने और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने कई कानून और प्रावधान लागू किए हैं। यह लेख नामांतरण की प्रक्रिया, सरकार द्वारा उठाए गए कदम, और नागरिकों के अधिकारों पर प्रकाश डालता है।**

### नामांतरण की कानूनी प्रक्रियाः आपके अधिकार

मध्य प्रदेश सरकार ने भूमि नामांतरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र (Revenue Book Circular) और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नियम बनाए हैं।

**1. नामांतरण की प्रक्रियाः**

जमीन रजिस्ट्री के बाद आवेदनः रजिस्ट्री के बाद खरीदार को नामांतरण के लिए पटवारी या तहसील कार्यालय में आवेदन देना होता है।

**दस्तावेज़ः**

बिक्री रजिस्ट्री की प्रमाणित प्रति
भूमि रिकॉर्ड (खसरा, खतौनी)
पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड)

शुल्कः नामांतरण प्रक्रिया के लिए सरकार द्वारा तय मामूली शुल्क लागू होता है।

**2. समय सीमाः**

मध्य प्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2010 के तहत नामांतरण की प्रक्रिया को 30 दिनों के भीतर पूरा किया जाना अनिवार्य है। यदि प्रक्रिया में देरी होती है, तो संबंधित अधिकारी पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

**3. डिजिटल नामांतरण प्रक्रियाः**

मध्य प्रदेश सरकार ने MP Bhulekh Portal (https://mpbhulekh.gov.in) शुरू किया है। यहां नागरिक अपने भूमि रिकॉर्ड और नामांतरण आवेदन ऑनलाइन देख और ट्रैक कर सकते हैं।



### मध्य प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदम

1. लोक सेवा गारंटी अधिनियमः यह अधिनियम सुनिश्चित करता है कि नामांतरण और अन्य राजस्व सेवाएं एक निर्धारित समय सीमा में प्रदान की जाएं।

यदि अधिकारी समय पर सेवा देने में विफल रहते हैं, तो नागरिक अपील कर सकते हैं।

2. डिजिटलीकरणः भूमि रिकॉर्ड और नामांतरण प्रक्रिया को डिजिटल करने के लिए MP Online और Bhulekh पोर्टल की शुरुआत की गई है। यह कदम पटवारियों की मनमानी और भ्रष्टाचार को कम करने में मदद करता है।

3. एंटी-करप्शन सेलः राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए लोकायुक्त और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) स्थापित किए हैं।

4. शिकायत तंत्रः शिकायत के लिए कलेक्टर और एसडीएम कार्यालय को अधिकृत किया गया है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (181) पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### पटवारी की शिकायत कहां और कैसे करें?

1. कलेक्टर और एसडीएम कार्यालयः पटवारी द्वारा रिश्वत मांगने या नामांतरण में देरी की शिकायत जिला कलेक्टर या एसडीएम को लिखित रूप से की जा सकती है। शिकायत में सभी दस्तावेज और घटनाओं का विवरण दें।

2. लोकायुक्तः रिश्वतखोरी के मामलों में लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज करें। शिकायत के लिए सबूत जैसे रिकॉर्डिंग, व्हाट्सएप संदेश, या दस्तावेज़ जमा करें।

3. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (181): यह हेल्पलाइन नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए है। यहां शिकायत दर्ज करने के बाद ट्रैकिंग आईडी प्रदान की जाती है।

4. RTI (सूचना का अधिकार): नामांतरण की प्रगति का पता लगाने और देरी का कारण जानने के लिए RTI आवेदन दायर करें।

5. MP Bhulekh Portal: यहां ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। शिकायत दर्ज करने के बाद प्रक्रिया की स्थिति ट्रैक करें।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ नागरिक क्या करें?


1. रिश्वत न दें: पटवारी या किसी भी अधिकारी को रिश्वत देना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा भी देता है।

2. ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाएं: नामांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करें और भौतिक हस्तक्षेप से बचें।

3. आवाज उठाएं: भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए सामाजिक संगठनों और मीडिया का सहारा लें। रिश्वत मांगने वाले अधिकारी का नाम उजागर करें।

4. लोक सेवा गारंटी का उपयोग करें: नामांतरण में देरी होने पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अपील करें।

निष्कर्ष:- पटवारियों द्वारा नामांतरण में रिश्वतखोरी और जानबूझकर देरी करना एक गंभीर समस्या है, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार ने इसे रोकने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। नागरिकों को इन कानूनों और डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। भ्रष्टाचार तभी रुकेगा, जब हम अपने अधिकारों के लिए खड़े होंगे और रिश्वतखोरी के खिलाफ सख्त कदम उठाएंगे।









# साल 2024 में नहीं चला विराट कोहली का बल्ला

## सभी प्रारूप मिलाकर जड़ा सिर्फ एक शतक, औसत भी रहा खराब

(संवाददाता)

तीनों प्रारूप मिलाकर कोहली के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 2024 में कुल 32 पारियां खेली और 21.83 के औसत से 655 रन बनाए। इस दौरान कोहली के बल्ले से एक शतक और दो अर्धशतक निकला।

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला इस साल उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका और उनके बल्ले से 2024 में सभी प्रारूप मिलाकर सिर्फ एक शतक निकला। कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी सफल नहीं रहे हैं और पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी को छोड़ दिया जाए तो उन्होंने रन बनाने के लिए संघर्ष किया है। कोहली के लगातार विफल होने से इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि क्या भारतीय टीम का यह पूर्व कप्तान टी20 अंतरराष्ट्रीय के बाद टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह देगा। हालांकि, टीम के पूर्व मुख्य कोच और कोहली के साथ लंबे समय तक काम कर चुके रवि शास्त्री का मानना है कि कोहली अभी तीन-चार साल और खेल सकते हैं। शास्त्री इस बात से भी परेशान नहीं है कि कोहली किस तरह से आउट हो रहे हैं।

कोहली ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरूआत पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शतक के साथ की थी। कोहली का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतर रहा है, ऐसे में सभी को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कोहली पर्थ टेस्ट में शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए थे और उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा था। कोहली इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके और अगले तीन मैचों में रन बनाने में विफल रहे। पर्थ टेस्ट में शतक के बावजूद कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और उन्होंने सीरीज में अब तक 5, नाबाद 100, 7, 11, 3, 36 और 5 रन की पारियां खेली हैं।




### इस साल तीनों प्रारूपों में कोहली का प्रदर्शन

तीनों प्रारूप मिलाकर कोहली के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 2024 में कुल 32 पारियां खेली और 21.83 के औसत से 655 रन बनाए। इस दौरान कोहली के बल्ले से एक शतक और दो अर्धशतक निकला। कोहली ने इस साल कुल 10 टेस्ट मैच खेले और 19 पारियों में 24.52 के औसत से 417 रन बनाए। इस साल टेस्ट में उनके बल्ले से एक शतक और एक अर्धशतक निकला और उनका निजी सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 100 रन रहा। कोहली ने इस साल सिर्फ तीन वनडे मैच खेले, लेकिन इस प्रारूप में उनका प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। कोहली ने तीन मैचों में 19.33 के औसत से कुल 58 रन बनाए। दिलचस्प बात यह है कि इस दौरान उनके बल्ले से एक भी छक्का नहीं निकला, जबकि उन्होंने आठ चौके लगाए। कोहली ने इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में अर्धशतक लगाया था और टीम की जीत में भूमिका निभाई थी। ओवरऑल कोहली ने 2024 में कुल 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले और 18 की औसत से कुल 180 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 119.20 का रहा है, जबकि सिर्फ एक बार 50+ स्कोर बना सके।

डेविड वॉर्नर ने कोंस्टास को सराहा

## बुमराह के खिलाफ अन्य बल्लेबाजों के दृष्टिकोण पर सवाल उठाए

(संवाददाता)

कोंस्टास ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की थी और बुमराह के ओवर से भी रन जुटाए थे। एक स्पैल में जितने रन कोंस्टास ने बुमराह के खिलाफ बनाए, उतने हाल के दिनों में किसी ने नहीं बनाए थे।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने जसप्रीत बुमराह के खिलाफ निडर होकर खेलने के लिए सैम कोंस्टास की सराहना की है। वॉर्नर का कहना है कि 19 वर्षीय इस बल्लेबाज ने नींव रखी जिससे ऑस्ट्रेलिया बॉक्सिंग डे टेस्ट में जीत दर्ज करने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने इसके साथ ही भारत पर पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली है। वॉर्नर ने जहां कोंस्टास को सराहा, वहीं अन्य बल्लेबाजों को निशाने पर लिया। वॉर्नर ने इस बारे में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यह देखना दुखद है कि युवा और अनुभवहीन खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम का स्टैंडर्ड सेट करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, कोंस्टास की पारी काफी विशेष थी। लोगों ने उनकी आलोचना भी की, लेकिन यह प्रवृति है। जब बुमराह जैसा कोई गेंदबाज आपके सामने होता है तो आप किसी तरह डिफेंस की कोशिश करते हैं। कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के लिए जिस तरह बल्लेबाजी की वो दिखाता है कि उनमें कौशल है। लेकिन यह भी साबित हो गया कि वह बहादुर है। कोंस्टास ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की थी और बुमराह के ओवर से भी रन जुटाए थे। एक स्पैल में जितने रन कोंस्टास ने बुमराह के खिलाफ बनाए, उतने हाल के दिनों में किसी ने नहीं बनाए थे। उन्होंने निडर होकर बुमराह के खिलाफ बल्लेबाजी की और कुछ ऐसे शॉट खेले जिससे यह भारतीय तेज गेंदबाज भी हैरान रह गया था। इससे अन्य बल्लेबाजों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला और उस्मान ख्वाजा ने सीरीज का अपना पहला अर्धशतक जड़ा था। वहीं, मार्नस लाबुशेन ने भी अपने दृष्टिकोण के लिए कोंस्टास को श्रेय दिया था।

टेस्ट क्रिकेट के भविष्य पर रोहित लेने वाले हैं फैसला?

## संन्यास की खबरों पर अटकलों का बाजार गर्म

(संवाददाता)

इस बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है रोहित इसका एलान कब करेंगे, लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो वह सिडनी में तीन जनवरी से होने वाले पांचवें टेस्ट के बाद टेस्ट से संन्यास लेने की घोषणा कर सकते हैं।

पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद कुछ बड़ा फैसला ले सकते हैं। रोहित के लगातार विफल रहने के बाद कुछ पूर्व क्रिकेटरों सहित प्रशंसकों ने उनके टेस्ट क्रिकेट के भविष्य पर सवाल खड़े किए थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष अधिकारी और चयनकर्ता पहले ही इस फैसले के बारे में बात कर चुके हैं और इसकी बहुत कम संभावना है कि रोहित अपना मन बदलेंगे।




### नतीजे को मानसिक रूप से परेशान करने वाला बताया

रोहित चौथे टेस्ट मैच में हार के बाद कहा था कि यह नतीजे मानसिक रूप से परेशान करने वाले हैं और उन्हें भी कुछ चीजों पर गौर करने की जरूत है। रोहित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, मैं आज जहां खड़ा हूं वहीं खड़ा हूं। अतीत में क्या हुआ, इसके बारे में सोचने की कोई जरूरत नहीं है। जाहिर है, कुछ नतीजे हमारे अनुकूल नहीं रहे। हां, एक कप्तान के रूप में यह निराशाजनक है। आप जानते हैं, बहुत सी चीज है जो मैं करने की कोशिश कर रहा हूं पर वह चीजें नहीं हो रही है। मानसिक तौर पर यह चीजें काफी परेशान करने वाली है। आप यहां जो करने आये है, अगर वह नहीं हो पाता है तो यह एक बड़ी निराशा है।

### रोहित ने ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर बनाए हैं 31 रन

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में कुल 31 रन बनाए हैं। रोहित ने पांच पारियों में सिर्फ 6.20 के औसत से 31 रन बनाए हैं और इस दौरान उन्होंने 3, 6, 10, 3 और 9 रन बनाए जो ऑस्ट्रेलियाई धरती पर किसी विदेशी कप्तान का सबसे कम औसत है। इसी के बाद से रोहित के संन्यास लेने की खबरों को बल मिला है और माना जा रहा है कि अगर भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सका तो सिडनी टेस्ट रोहित के करियर का अंतिम टेस्ट मैच हो सकता है।

इस बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है रोहित इसका एलान कब करेंगे, लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो वह सिडनी में तीन जनवरी से होने वाले पांचवें टेस्ट के बाद टेस्ट से संन्यास लेने की घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, अगर भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में सफल रहा तो रोहित चयनकताओं से खिताबी मुकाबले में बने रहने की कोशिश कर सकते हैं।

# 2 चोरों ने डेढ़ महीने में चुराई 14 बाइक: शौक पूरे करने करते थे चोरी

## शिवपुरी पुलिस ने खंडहर भवन से बरामद की मोटरसाइकिल

रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)

**शिवपुरी की कोतवाली पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से चोरी की 14 बाइक बरामद की हैं। बरामद की गईं बाइकों की कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपए आंकी गई है। पकड़े गए चोरों ने हाल ही में बाइक चोरी करना शुरू किया था। दोनों चोरों ने पिछले डेढ़ माह में 14 बाइक चोरी की थी।**

कोतवाली थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि गुना नाका फॉरेस्ट चौकी के पास चेकिंग के दौरान एक चोरी की बाइक मिली थी। बाइक पर दो आरोपी सवार थे। जिनमें एक का नाम मोनू कुशवाहा (22) है। मोनू कोलारस कस्बे का निवासी है। वहीं, दूसरे का नाम छोटू उर्फ रमन कुशवाहा (23) है। रमन हाथीथान का रहने वाला है। गिरफ्तारी के बाद सख्ती से पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पिछले डेढ़ महीने में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बाइक चोरी की थीं। उनकी निशानदेही पर बांसखेड़ी के पास एक खंडहर भवन से 13 बाइक बरामद की गईं है। दोनों आरोपियों ने बताया कि वे अपने शौक पूरे करने के लिए बाइक चुराते थे और उन्हें बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में प्रकरण क्रमांक 803/24 धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। उनसे अन्य चोरी के मामलों में भी पूछताछ जारी है।



एक्ट्रेस-सिंगर

सेलिना ने साझा किए

## बॉयफ्रेंड संग रोमांटिक पल



सेलिना गोमेज हॉलीवुड में बहुत फेमस हैं, उनकी इंडियन फैंस की तादाद भी काफी ज्यादा है। वह सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर साझा करती है तो फैंस लाखों में व्यूज और लाइक्स देते हैं। हाल ही में सेलिना ने अपने बॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको के साथ एक रोमांटिक तस्वीर साझा की है, इसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। सेलिना ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर बेनी ब्लैंको के साथ वैकेशन की कुछ प्यारी तस्वीर साझा की है। इनमें वह बेनी को लिप किस करती हुई नजर आई। दोनों का यह रोमांस देखकर, फैंस ने खूब कमेंट्स भी किए। इस जोड़े की यह प्यार भरी तस्वीर फैंस को खूब पसंद आई।

सेलिना और बेनी ब्लैंको लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। हाल ही में दोनों ने सगाई भी की है। हो सकता है कि जल्द ही यह हॉलीवुड कपल शादी भी कर ले। बेनी भी हॉलीवुड में बतौर सॉन्ग राइटर एक्टिव हैं। वह कई हॉलीवुड फिल्मों के लिए काम कर चुके हैं। बेनी बतौर प्रोड्यूसर भी हॉलीवुड में काम करते हैं। सेलिना पहली बार किसी के प्यार में नहीं है। सालों पहले सिंगर जस्टिन बीबर के साथ भी उनका रिलेशनशिप चर्चा में रहा। लेकिन आगे चलकर इनका ब्रेकअप हो गया।

जस्टिन ने किसी और से शादी कर ली और वह एक खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। अब सेलिना भी बेनी ब्लैंको के साथ रिलेशनशिप में और उनके साथ एक नई जिंदगी की शुरूआत करने को भी तैयार हैं। सेलिना गोमेज को यूं खुश देखकर उनके हॉलीवुड के फ्रेंड्स, वेलविशर भी काफी खुश महसूस कर रहे हैं। सेलिना के करियर फ्रंट की बात करें तो वह एक्टिंग, सिंगिंग के अलावा बतौर होस्ट कुकिंग बेस्ड रियालिटी शो भी होस्ट करती हैं, जिसमें दर्शक उन्हें काफी पसंद करते हैं।

पलक तिवारी की डेटिंग की अफवाहों पर बोलीं श्वेता तिवारी ने कहा

# रूमर्स से कोई फर्क नहीं पड़ता मेरी बेटी काफी स्ट्रॉन्ग हैं

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी चचाओं में रहती हैं। अक्सर पलक तिवारी का नाम सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम के साथ जोड़ा जाता है। इसी बीच अब पलक की मां श्वेता ने बात की है। उन्होंने कहा कि उन्हें अब इन सबसे फर्क नहीं पड़ता है। पलक स्ट्रॉन्ग है पर उसके लिए डर लगता है।

श्वेता तिवारी ने इंडियन एक्सप्रेस स्क्रीन से हुई बातचीत में कई खुलासे किए हैं। इस दौरान उनसे पलक की डेटिंग की खबरों के बारे में पूछा गया। जिसका जवाब देते हुए श्वेता ने कहा- 'मैं रूमर्स से जरा भी परेशान नहीं होती हूं। इतने सालों में मुझे यह समझ आया कि लोगों की यादाश्त सिर्फ 4 घंटे तक काम करती है। इसके बाद वे खबर भूल जाते हैं। तो परेशान क्यों होना? अफवाहों की मानें तो मेरी बेटी हर तीसरे बंदे को डेट कर रही है। हर साल मेरी शादी हो रही है।





### रूमर्स से मुझे फर्क नहीं पड़ता- श्वेता तिवारी

श्वेता ने आगे कहा- ह्यरूमर्स के मुताबिक, मेरी शादी तीन बार हो चुकी है। इन सब चीजों से मुझे अब कोई फर्क नहीं पड़ता। पहले जब सोशल मीडिया नहीं था तब फर्क पड़ता था। एक्टर्स के बारे में निगेटिविटी बिकती है। मैंने अपनी लाइफ में काफी चीजों से डील किया है। उसके बाद इन सबका मुझ पर कोई फर्क नहीं पड़ता।'

### पलक ने सिखाया ट्रोल्स से कैसे डील करना है- श्वेता

श्वेता बोलीं, पहले जनता को भी कन्विंस करना आसान था लेकिन अब लोग समझ गए हैं। पलक ने ही मुझे सिखाया है कि ट्रोल्स से कैसे डील करना है। अब मुझे इससे डर नहीं लगता। पलक जैसी भी दिखे लेकिन वह बहुत मासूम है, लोगों को पलटकर जवाब नहीं देती। किसी को भी ट्रोल करना काफी खराब है। पलक स्ट्रॉन्ग है लेकिन सोचती हूं कि अगर उसको इन सबका फर्क पड़ता होगा तो? कहीं उसका कॉन्फिडेंस कम हो गया तो, तब क्या होगा?

### सिंघम अगेन में नजर आई थी श्वेता तिवारी

वहीं बात करें वर्कफ्रंट की तो श्वेता हाल ही में रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आई थीं। जिसमें वह एक इंटेलिजेंस ऑफिसर का रोल निभाती दिखीं। इस फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, और अर्जुन कपूर भी थे। इसके अलावा श्वेता, रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में भी नजर आई थीं। सीरीज में श्वेता ने विक्रम (विवेक ओबेरॉय) की पत्नी श्रुति बख्शी की भूमिका निभाई थी।

### श्वेता और राजा चौधरी की बेटी हैं पलक

बता दें कि पलक, श्वेता और उनके पहले पति राजा चौधरी की बेटी हैं। श्वेता और राजा का 2007 में तलाक हो गया था। बाद में श्वेता ने अभिनव कोहली से शादी की, जिनसे उनका बेटा रेयांश है। अब श्वेता अपने दोनों बच्चों की देखभाल अकेले कर रही हैं।



सिकंदर के टीजर ने

## यूट्यूब पर 24 घंटे में 48 मिलियन व्यूज हासिल किये

सलमान खान स्टारर है अपकमिंग मूवी

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान स्टारर फिल्म सिकंदर के टीजर ने यूट्यूब पर 24 घंटे में 48 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए हैं। सलमान खान की फिल्म सिकंदर का मच अवेटेड टीजर आते ही इंटरनेट पर छा गया है। यूट्यूब पर रिलीज के सिर्फ 24 घंटे में इसे 48 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। ये रिकॉर्ड तोड़ते हुए वर्ल्डवाइड #1 ट्रेंडिंग वीडियो बन गया है, और इस तरह से इसे हर घंटे 2 मिलियन व्यूज मिल रहे हैं।

टीजर की शुरूआत सलमान खान के जबरदस्त किरदार सिकंदर से होती है, जो रहस्यमयी, दमदार और बेहद करिश्माई नजर आता है। धमाकेदार एक्शन सीन्स और शानदार विजुअल्स के साथ, टीजर ने फैंस और दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज पैदा कर दिया है। अब हर कोई फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। ये जबरदस्त उपलब्धि सलमान खान की बेहतरीन स्टारडम और सिकंदर की जबरदस्त पॉपुलैरिटी का सबूत है। साथ ही, ये दिखाता है कि बॉलीवुड का असर अब ग्लोबल लेवल पर भी बढ़ रहा है। फिल्म सिकंदर 2025 की ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है, जिसमें रश्मिका मंदाना भी हैं। इस फिल्म को ए।आर। मुरुगडोस ने निर्देशित किया है और साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है।

# आशिकी फेम अभिनेत्री अनु अग्रवाल पर ट्रोल्स का वार



'आशिकी' फेम अभिनेत्री अनु अग्रवाल को ट्रोल्स ने आड़े हाथों ले लिया है। अभिनेत्री के जरिए साझा किए गए एक वीडियो पर बवाल मच गया है।

अनु अग्रवाल ने 1990 में राहुल रॉय के साथ महेश भट्ट द्वारा निर्देशित म्यूजिकल ब्लॉकबस्टर 'आशिकी' से डेब्यू किया था। इंडस्ट्री छोड़ने से पहले अभिनेत्री को केवल कुछ ही फिल्मों में देखा गया था। 1999 में, अनु एक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गईं, जिससे वह 29 दिनों तक कोमा में रहीं और उनकी याद्दाश्त भी चली गई थी। इसी बीच अनु का लेटेस्ट पोस्ट ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। हालांकि,

**जानें क्यों मचा सोशल मीडिया पर बवाल?**

इसे देखने के बाद ट्रोल्स ने उन्हें निशाने पर ले लिया है। ऐसा क्यों? आइए जान लेते हैं- **अनु अग्रवाल ने साझा किया डांस वीडियो** - अनु अग्रवाल इन दिनों इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। सोमवार को अनु ने छोटी सी ड्रेस पहनकर डांस करते हुए अपनी एक क्लिप शेयर की। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'बस यूं ही चलते जाओ। खूब पार्टी करो, मेहनत करो और मोटिवेटेड रहो। न्यू ईयर 2025।' हालांकि, अभिनेत्री को उनकी पसंद के कपड़ों और क्लिप में उनके डांस के लिए काफी ट्रोल किया गया।







### ट्रोल्स ने साधा निशाना

उनके एक फॉलोअर ने लिखा, 'अनु अपनी क्लास को मेटेंन रखे। हमने आपको आशिकी में प्यार किया था, अपना इतिहास बर्बाद न करें।' जबकि दूसरे ने लिखा, 'क्लासी बनो अनु। यह क्या घटियापन है?' एक अन्य टिप्पणी में लिखा गया, 'आखिर वह ऐसा डांस क्यों कर रही है? कृपया इसे राखी सावंत या शर्लिन चोपड़ा के लिए बचाकर रखें।' एक अन्य इंस्टाग्राम यूजर ने उनके कपड़ों की पसंद पर टिप्पणी करते हुए लिखा, 'यह 1990 नहीं है मैडम, हम 2024 में हैं। आप कब बड़ी होंगी और बच्चों के फ्रॉक पहनने से बचेंगी?'

### याद्दाश्त खोने के बाद अनु ने देखी 'आशिकी'

इस साल की शुरूआत में एक इंटरव्यू में अनु ने साझा किया था कि दुर्घटना के बाद उन्हें 'आशिकी' में अभिनय करने की बात याद नहीं थी। उन्होंने कहा, 'जब दुर्घटना के बाद मेरी याददाश्त चली गई तो मैंने फिल्म देखी। मेरी मां ने मेरे लिए इसे चलाया, लेकिन मैं इससे बिल्कुल भी जुड़ नहीं पाई। मैं स्क्रीन पर मौजूद लड़की से खुद को जोड़ नहीं पाई। मेरी मां कहती रहीं, 'वह तुम हो।' उन्होंने मुझसे कहा, 'देखो यह तुम्हारी फिल्म थी 'आशिकी और अब उन्होंने आशिकी 2 बनाई है।' मैंने उनसे पूछा, '2 क्या है?' क्योंकि मैं संख्याओं को नहीं जानती थी, एक, दो, तीन क्या होता था, यही मेरी स्थिति थी।'

# थाने में आवेदन देने की प्रक्रिया और जांच के नियमों पर विस्तृत जानकारी



रणजीत टाइम्स (गोपाल गावंडे)

मध्य प्रदेश में थाने में आवेदन देना और उसके बाद की प्रक्रिया एक निर्धारित ढांचा और कानून के अनुसार संचालित होती है। यह जानकारी हर नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है ताकि वे अपने अधिकारों और प्रक्रियाओं को समझ सकें।

## थाने में आवेदन देने की प्रक्रिया

1. आवेदन तैयार करें: समस्या को विस्तार से लिखें। घटनास्थल, तारीख, समय और संपूर्ण विवरण दें।

संबंधित दस्तावेज (जैसे फोटो, वीडियो, साक्ष्य) आवेदन के साथ संलग्न करें।

2. थाने में आवेदन जमा करें: थाने जाकर संबंधित अधिकारी (एसएचओ) को आवेदन दें।

आवेदन की एक कॉपी पर रिसीविंग (स्टांप और हस्ताक्षर) लें। यह भविष्य में उपयोगी होती है।

3. एफआईआर दर्ज कराने का अधिकार: यदि मामला आपराधिक है, तो पुलिस को आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। एफआईआर न लिखने पर आप पुलिस अधीक्षक (एसपी) या उच्च अधिकारियों से शिकायत कर सकते हैं।

## जांच प्रक्रिया

1. एफआईआर के बाद जांच: पुलिस आवेदन की जांच शुरू करती है। घटनास्थल का दौरा, गवाहों से पूछताछ और सबूत एकत्र करना जांच का हिस्सा है।

2. समय सीमा: पुलिस को 90 दिनों में चार्जशीट फाइल करनी होती है (गंभीर मामलों में यह समय अधिक हो सकता है)। यदि पुलिस समय पर कार्रवाई नहीं करती, तो आप उसकी शिकायत कर सकते हैं।

3. आवेदक से संपर्क: आवेदक को नियमित रूप से जांच की प्रगति की जानकारी लेनी चाहिए। पुलिस से हर 15 दिन में संपर्क बनाए रखें और जांच के अद्यतन की मांग करें।

## पुलिस की निष्क्रियता पर शिकायत

1. पुलिस अधीक्षक को शिकायत: यदि स्थानीय थाना कार्रवाई नहीं करता है, तो एसपी कार्यालय में लिखित शिकायत करें। शिकायत में थाने का नाम, आवेदन संख्या और विवरण दें।

2. जिला लोक सेवा प्राधिकरण: आप न्यायालय में आवेदन देकर पुलिस की निष्क्रियता की शिकायत कर सकते हैं।

3. मानवाधिकार आयोग: अगर पुलिस द्वारा नागरिक अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, तो आप मानवाधिकार आयोग से संपर्क कर सकते हैं।

4. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन: 181 हेल्पलाइन या e-संवेदन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

5. लोकायुक्त: पुलिस के भ्रष्टाचार या गैर-व्यवहार की शिकायत लोकायुक्त में की जा सकती है।

## सुझाव

आवेदनकरतेसमयध्यानरखें:भाषासाफ-सुथरीऔरसटीक होनी चाहिए। अपनी बात पर जोर दें लेकिन तथ्यों को सही रखें। पुलिस के साथ संवाद: जांच अधिकारी से सीधे संवाद करें और जरूरत पड़ने पर सहयोग दें।

समय पर कार्रवाई की मांग: यदि कोई देरी हो रही है, तो इसे रिकॉर्ड में दर्ज करें और उच्च अधिकारियों को सूचित करें।

निष्कर्ष थाने में आवेदन देना और जांच की प्रक्रिया में नागरिकों की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। पुलिस पर निगरानी रखने और अपने अधिकारों के लिए खड़े होने से न्याय पाना आसान होता है।


क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज




## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन के उपलक्ष में मंडल खोड़ द्वारा मनाया गया जन्म दिवस

रणजीत टाइम्स (जगदीश पाल)

खोड़ मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा 1 जनवरी नव वर्ष में महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा एवं जानकारी देते हुए मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि गरीब और असहाय व्यक्तियों को फल गरीब बस्तियों और खोड़ अस्पताल में फल वितरण का कार्यक्रम किया गया इसमें मंडल खोड़ के मंडल अध्यक्ष केरन सिंह लोधी मंडल (जिला अध्यक्ष लोधी समाज) महामंत्री महेश परिहार (जिला अध्यक्ष खंगार समाज), अरुण परिहार,जिला उपाध्यक्ष, गोलू खंगार, मजबूत सिंह परिहार जिला प्रभारी खंगार समाज, राजपाल परिहार, सनमान गुर्जर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।






## पिछोर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिवस पर मरीजों को किये फल तथा कपडे वितरण

रणजीत टाइम्स (जगदीश पाल)

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के निर्देशन में 01जनवरी 2025 बुधबार को नए वर्ष पर केंद्रीय मंत्री श्रीमंत महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिवस मनाया गया! जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के निर्देशन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्म दिवस उनके छोटे पुत्र दिनेश कुमार लोधी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में पहुंचकर सभी लोगों के बीच मनाया गया! जहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को फल वितरण किए तथा इसके साथ ही सभी मरीजों के साथ साथ बच्चों को भी गर्म कपड़े वितरित किए गए! इस मौके पर पिछोर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल रहोरा, विधायक के निज सहायक, महेश लोधी,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बृजमोहन लोधी (मुखिया), पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिगोपाल शर्मा, विधायक प्रतिनिधि गौरव मिश्रा, मंडल महामंत्री मुकेश पंसारी,सुरेश भार्गव, नगर परिषद पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूनम सोनी, सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे!



